मैहर की जनता की सांसे बिक गई चंद सिक्कों में

पर्यावरण विभाग सो गया या आंखे मूंद ली गई या फिर कोई हमें क्या लेना

नवभारत न्यूज

मैहर 28 मार्च, मैहर जिले की जनता की सांसे बिक रही चंद सिक्कों में और जवाबदार अधिकारियों को इसकी चिंता तक नहीं है कि हम किस विभाग को वेतन लेकर अपने परिवार को पाल रहे और बदले में सरकार ने हमें क्या जवाबदारी सौंपी है.

वहीं जनता का काम कर रहे है कि आज मैहर की जनता सीमेंट प्लांट , अवैध उत्खनन, अवैध रूप से चल रहे क्रेशरों, स?कों की उ?ती धूल से सांस लेने को तरस रही है । यही नहीं मैहर में चल रहे डामर प्लांटों ने भी रही कसर पूरी कर दी है। मैहर की पवित्र धरती जहां कभी भक्ति की सुगंध बहती थी आज वहां डामर के धुएं ने ऐसा डेरा डाला है कि हवा भी अब सवाल पूछने लगी कि कितने दिन जिंदा रहोंगे। मैहर में कानून को धता बता रहें एव पर्यावरण अनुमति के ध?ल्ले से चल रहे डामर प्लांट अब सिर्फ मशीनें नहीं रहे ये भ्रष्टाचार के ऐसे धुआँधार प्रतीक बन चुके हैं जो सीधे जनता के फ़ेफ?ों में उतर रहे बताया जा रहा है कि बरहिया (रेउसा) का दक्षिणा इम्फा प्लांट हो या भठिया (तमोलिया) का महाकाल कंट्रेक्शन—कानून जहां पर चल रहे डामर प्लांट लोगों को जिंदा जी

मौत के घाट उतार रहे है और जिम्मेदार अधिकारी सिस्टम के नाम पर मौन साधे बैठे हैं। बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय सतना के कुछ जवाबदार अधिकारियों ने इस जहरीली हवा को सिर्फ महसूस ही नहीं किया, बल्कि उसे अपने कर्तव्य के साथ आत्मसात भी कर लिया है। कनिष्ठ वैज्ञानिक जीके बैगा पर उठते सवाल अब फुसफुसाहट नहीं बल्कि गूंज बन चुके हैं। क्या ये संरक्षण है या सौदेबाजी का कोई अनदेखा करार है। सवाल सीधा है क्या प्रशासन इस जहरीले खेल को रोकेगा या फिर राम भरोसे छोड़े रखेगा । डामर फैक्टश्री में काम करने वाले मजदूरों को सुरक्षा किट उपलब्ध नहीं कराया जाता है जिससे गर्म धुंए के संपर्कमें आने से मजदूर हानिकारक वाष्पशील कार्बनिक यौगिक और रसायनों की अधिकता से फेफडों की गंभीर बिमारी का शिकार बन जाते हैयहां तक की कैंसर के मरीज भी बन जाते है। यही आस पास रहने वाले बच्चों एंव बुजुर्गो पर भी बुरा असर पड़ता है।

डामर के धुंए से क्या- क्या होते है नुकसान

डामर के धुंए से त्वचा एवं एलर्जी होती है, आंखों में जलन और ललिमा छा जाती है जिससे आंखे खराब होती है । इसी तरह खांसी, सांस लेने में कठिनाई, धुंए में विषाक्त पदार्थ होते है जो सीधे मुंह में जाने शरीर को नुकसान पंहुचाते है। डामर के धुंए के संपर्क में रहने से सबसे बड़ा खतरा कैंसर हो जाता है।

बिरसिंहपुर स्वास्थ्य केंद्र की लापरवाही ने बुझाया घर का चिराग

एम्बुलेंस के इंतजार में तड़प-तड़प कर हुई मासूम की मौत

नवभारत न्यूज

सतना/बिरसिंहपुर 28 मार्च, एक तरफ सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर बिरसिंहपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की संवेदनहीनता और घोर लापरवाही ने एक हंसते-खेलते परिवार को ताउम्र का दर्द दे दिया है।

कटनी जिले के भट्टा मोहल्ला निवासी एक परिवार, जो बिरसिंहपुर के पास अपने रिश्तेदारों के यहां आया हुआ था, क्या जानता था कि सरकारी तंत्र की खामियां उनके बच्चे को उनसे छीन लेंगी। कल रात जब बच्चे की तबीयत बिगड़ी, तो परिजन उम्मीद के साथ अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां का मंजर उम्मीद के ठीक उलट था। डॉक्टरों ने औपचारिक खानापूर्ति करते हुए बच्चे को गंभीर बताकर सतना रेफर तो कर दिया, लेकिन उसके बाद की सरकारी सुस्ती जानलेवा साबित हुई। बेबस मां - बाप लगभग एक घंटे तक अस्पताल की दहलीज पर खड़े होकर एम्बुलेंस का इंतजार करते रहे, मिन्नतें करते रहे, लेकिन सिस्टम की कान पर जूं तक नहीं रेंगी। प्रशासन की इस कदर अनियमितता और लापरवाही का आलम यह था कि समय पर इलाज मिलना तो दूर, बच्चे को बड़े अस्पताल ले जाने के लिए वाहन तक नसीब नहीं हुआ। अस्पताल की इस उदासीनता के कारण अंतत: मासूम ने दम तोड़ दिया। यह पहली बार नहीं है जब बिरसिंहपुर सरकारी अस्पताल से ऐसी हृदयविदारक खबरें सामने आई हों, पहले भी कई बार ऐसी अव्यवस्थाओं ने लोगों की जान ली है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन की इस गंभीर चूक की भरपाई उस मां की सूनी गोद को भरकर की जा सकती है? आखिर इस मौत का जिम्मेदार कौन है? क्या शासन और प्रशासन सिर्फ फाइलों में ही स्वास्थ्य क्रांति लाएगा या धरातल पर दम तो?ते इन मासूमों की भी सुध ली जाएगी?.

गुढ़वा ग्राम के श्रीदयाल कोरी लापता, परिजन परेशान

नवभारत न्यूज

बिरसिंहपुर 28 मार्च, जिले के सभापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम गुढ़वा निवासी 44 वर्षीय श्रीदयाल कोरी (पिता स्वर्गीय विशेषर प्रसाद कोरी) बीते 19 मार्च 2026 की सुबह करीब 7 बजे से घर से बिना बताए कहीं लापता हैं।

परिजनों के अनुसार श्रीदयाल मानसिक रूप से थोड़े कमजोर (मंद बुद्धि) हैं और काफी खोजबीन के बाद भी उनका अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। घटना के संबंध में सभापुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट (नंबर 0024/2026) दर्ज करा दी गई है। लापता व्यक्ति का रंग सांवला है और उनकी लंबाई लगभग 5.4 फिट है। परिजनों ने आम जनता से भावुक अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इनके संबंध में कोई भी जानकारी मिले या वे कहीं दिखाई दें, तो तत्काल मोबाइल नंबर +91 97520 88136 पर संपर्क कर परिवार की मदद करें। आपकी एक छोटी सी कोशिश एक बिछड़े हुए व्यक्ति को उसके परिवार से मिला सकती है।

योग चिकित्सा पुस्तक का हुआ भव्य लोकार्पण

नवभारत न्यूज

चित्रकूट 28 मार्च, योग एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण उस समय साकार हुआ, जब योग चिकित्सा पुस्तक का भव्य लोकार्पण आज अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस महत्वपूर्ण कृति के लेखक जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के योग विभाग के सहायक आचार्य जितेन्द्र प्रताप सिंह हैं, जिन्होंने योग के चिकित्सीय आयामों को सरल, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज (कुलाधिपति, जे.आर.डी. राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट) के पावन कर-कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पाण्डेय की विशिष्ट अतिथि सहित डॉ महेन्द्र कुमार उपाध्याय (अधिष्ठाता, मानविकी संकाय) , तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास ,वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ मनोज कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

प्रणवीर सिंह हीरा को मातृ शोक

सतना 28 मार्च, विंध्य पुनरोदय मंच के संयोजक एवं भाजपा सोहावल मंडल के पूर्व अध्यक्ष प्रणवीर सिंह हीरा जी माता जी श्रीमती धनराज कुमार सिंह (पुरी वाली अम्मा साहब) पत्नी स्व.श्री रणवीर सिंह (सुदामा जी) देवलोक गमन विगत दिवस 18 मार्च हो गया है। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं उनकी आत्मा की शांति के 30 मार्च 26 रविवार को तेरहवीं संस्कार और 31मार्च 26 सोमवार को बर्षी का आयोजन है। अम्मा साहब को श्रद्धांजलि देने उनके गृह निवास सुदामा पुरी इटमा पो.धौरहटा (रैगांव) पहुंच रहे हैं।

संकट नहीं, तो फिर क्यों मुहैया नहीं हो पा रही एलपीजी : रामशंकर

- किसी भी समय भड़क सकता है जनाक्रोश

नवभारत न्यूज

सतना 28 मार्च, रामपुर बाघेलान विधानसभा क्षेत्र पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राम शंकर पयासी ने सरकार के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि संकट नहीं तो फिर एलपीजी गैस जरूरतमंद उपभोक्ताओं को क्यों मुहैया नहीं हो पा रही है.



बुकिंग और डिलेवर होने का रजिस्टर्ड मोबाइल में मैसेज आने के बाद भी उपभोक्ताओं के हिस्से की गैस आखिरकार किसके पास पहुंच रही है. गैस एजेंसियों के लैंडलाइन व डिलेवर्ड करने वाले वाहन चालकों के मोबाइल नंबर स्विच ऑफ या फिर लगातार व्यस्त बता रहे हैं. ऐसी स्थिति में गैस उपभोक्ताओं की हालत बड़ी ही गंभीर और दयनीय किस्म की बनी हुई है. हालात इस कदर बिगड़चुके हैं कि ज्यादातर घरों में तो अब पेट की आग बुझाने के लिए मिट्टी के चूल्हे और सिघड़ी सुलगने लगी है. गैस एजेंसियों की कथित घोर लापरवाही के चलते गैस उपभोक्ताओं में व्यापक पैमाने पर आक्रोश है. जो भी हो, फिलहाल इस गंभीर समस्या के प्रति प्रशासन और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की चुप्पी जिले में चर्चा का खासा विषय बनी हुई है. समय रहते यदि कथित लापरवाही को नियंत्रित नहीं किया गया तो जनाक्रोश किसी भी समय भड़क सकता है.पूर्व विधान सभा प्रत्यासी रामशंकर पयासी ने शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए चेतावनी दी है की समय रहते अगर आम जन की माग की पूर्ती नही हुई तो धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

नवपरिवर्तन जनकल्याण संस्थान के नि :शुल्क प्याऊ का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

रामनगर 28 मार्च, म. प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ राजेश तिवारी के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में विकासखंड रामनगर सेक्टर न 03 नवांकुर संस्था नवपरिवर्तन जनकल्याण संस्थान रामनगर द्वारा आदर्श ग्राम सिंदूरा में जल मंदिर प्याऊ का संचालन शुरू किया गया। प्याऊ का उद्घाटन वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश सिंह द्वारा किया गया। प्रस्फुटन समिति सिंदुरा के अध्यक्ष सचिव और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

डॉ संचयनी पाठक का शासकीय कैंसर हॉस्पिटल सिलचर में चयन

नवभारत न्यूज

कोटर 28 मार्च, जिले के बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम निवासी डॉक्टर संचयनी पाठक चयन शासकीय कैंसर हॉस्पिटल सिलचर में हुआ है ।

डॉ पाठक बिरसिंहपुर नगर के वार्ड नंबर 05 के निवासी सेवा निवृत महाप्रबंधक कमलेश पाठक की पुत्री है एवं सुरेंद्र पाठक निर्देशक पाठक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड की भतीजी है डॉक्टर संचयनी पाठक का चयन नॉर्थ ईस्ट भारत सुप्रसिद्ध हॉस्पिटल शासकीय कैंसर हॉस्पिटल के सिलचर असम में हुआ है जो ग्रुप ऑफ टाटा इंडस्ट्री से भी सलंग्न है डॉक्टर संचयनी पाठक का माइक्रो फेशियल ओरल सर्जन में चयन हुआ है. डॉ संचयनी पाठक ने जयपुर मेडिकल कालेज से पोस्ट ग्रेजुएट कर महावीर कैंसर हॉस्पिटल एवं दासवानी मेडिकल कॉलेज में रीडर के पद पर कार्यरत रही हैं डॉक्टर संचयनी पाठक के पति डॉ अभिनव शासकीय मेडिकल कॉलेज सिलचर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर वर्तमान में ईएनटी विभाग में पदस्थ है डॉक्टर संचयनी पाठक के चयन होने पर पाठक परिवार के सुंदरलाल पाठक भारत पाठक देवीदयाल पाठक लक्ष्मीकांत पाठक रावेंद्र पाठक सुखेन्द्र पाठक अनिल पाठक विपिन पाठक मनीष पाठक अंकित पाठक पत्रकार बद्री पाठक दीपेंद्र पाठक सौरभ पाठक एवं बिरसिंहपुर नगर के सासंद प्रतिनिधि रमेश पाण्डेय दिग्विजय सिंह गहरवार डॉ.आर्यन शुक्ला आशीष सेन पंकज माली.मक्खन माली गैवीनाथ न्यास समिति अध्यक्ष विपिन द्विवेदी कपिल सेन सचिन गौतम समेत अन्य बहुत से लोगों ने हर्षोल्लास व खुशी जाहिर करते सभी ने संचयनी पाठक हो बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

श्रीमद्भागवत कथा में हुआ कृष्ण और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग

नवभारत न्यूज

कोटर 28 मार्च, ग्राम पंचायत बिहरा क्रमांक 1 के कीटहा टोला में माया सुरेंद्र प्रसाद द्विवेदी के यहां चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के शनिवार के दिन कथा व्यास आचार्य रामसलोने महाराज ने श्री कृष्ण रुक्मिणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया।

महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। महाराज जी ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण व रुक्मिणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मिणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर कथा में प्रमुख रूप से मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी डॉ राजश्वानी द्विवेदी राजभान सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनरेश गौतम एडवोकेट बिहरा सरपंच रवि प्रताप सिंह रिक्कू द्विवेदी रामउजागर पाण्डेय शास्त्री बारूणेश त्रिपाठी प्रदीप कुमार सिंह सत्यम सिंह प्रदीप पाण्डेय श्रीकांत त्रिपाठी केसी शुक्ला दिवाकर तिवारी विवेक तिवारी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रामनवमी पर गाजे बाजे के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा

नवभारत न्यूज

कोठी 28 मार्च, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड कोठी के तत्वावधान में रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।

कोठी के जोगनी माता मंदिर से यात्रा प्रारंभ होकर बस स्टैंड से बाजार भ्रमण करते हुए संपूर्ण नगर में गाजे बाजे के साथ निकाली गई जिसमें रथ में सवार होकर भगवान श्री राम लक्ष्मण जानकी एवं हनुमान की साकार झांकी को नगर में भ्रमण कराया गया लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत करते हुए भगवान की पूजा अर्चना की और भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया यह आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विक्रम संवत 2081 चैत्र वर्ष प्रतिपदा हिंदू नव वर्ष भारतीय राष्ट्रीय चेतना की जागृति एवं हिंदुत्व को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया इस दौरान विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कोठी के पदाधिकारी नगर के अन्य गणमान्य नागरिक व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

विजय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा

नवभारत न्यूज

सतना 28 मार्च, विद्यालय का राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित पांचवी एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा में विजय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल उतैली सतना का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय में 100प्रति, बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे जिनमें कक्षा आठवीं में प्राची पटेल 94प्रति, क्षमा पटेल 91प्रति, नितिन वर्मा 91प्र. संध्या साकेत 91प्रति, रिचा पटेल 90प्र. प्रिंस विश्वकर्मा 90प्र. नैतिक चौरसिया 90त्न प्रिया पटेल 90त्न इसी क्रम में कक्षा पांचवी में प्रभाकर सतनामी 96प्र. ज्योतिरादित पटेल 90प्र. अंश बागरी 90प्र. अनय प्रकाश सक्सेना 89प्र. अंश कुशवाहा 88त्न एवं कृषिका पटेल 87प्र.अंक प्राप्त कर सभी छात्र एवं छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के संचालक रमाशंकर पटेल , प्राचार्य तुलसीदास तिवारी, श्रीमती रचना पटेल , डॉ शिव शंकर पटेल , जीपी मिश्रा , आरके कुशवाहा , प्रिया मिश्रा , प्रवीण पांडे , श्रीमती रचना सिंह , श्रवण कुमार सिंह , अरुण कुमार , राजेश पटेल , कल्पना सिंह , कैलाश पटेल, रीता सिंह, निशा द्विवेदी, रितु उपाध्याय, शालिनी सिंह, पुष्पा बागरी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सभी विद्यालय के समस्त स्टाफ ने छात्रों की इस अद्भुत सफलता के लिए प्रसन्नता व्यक्त की एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

ओरिजिन अकैडमी अंग्रेजी माध्यम का 5वीं , 8वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

नवभारत न्यूज

अमदरा 28 मार्च ओरिजिन अकैडमी अंग्रेजी माध्यम ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा 5वीं एवं 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम हासिल किया है।

इस शानदार उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है, सभी छात्र 70% के ऊपर प्राप्त किए जिसमें से 16 छात्र 90% के ऊपर अंक पाए।

परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की और उत्कृष्ट अंकों के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई दी। परीक्षा में शीर्ष 5 स्थान प्राप्त करने वाले 5वीं और 8वीं विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं- कक्षा 8 में आदर्श पटेल 91%, तनुल 90%, सानिया 87%, मृदुल 86%, पावनी 86% कक्षा 5 में आरुषि 95%, यश 95%,प्रज्ञा पांडे 94%, सत्यम 94%, रितीश 94%, श्रीकांत 94%, सार्थक 93%, प्राची 93%कृष्ण कुमार 92% अनुज 91% अमिता 91% अरेज 91%, शिवम 91% अरनव 90% । विद्यालय के संचालक पवन अग्रवाल ने भी इस अवसर पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम पूरे विद्यालय परिवार के संयुक्त प्रयास का प्रतिफल है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं और शिक्षकों के समर्पण की सराहना की।

श्रीमद् भागवत कथा की 7 अप्रैल को निकाली जाएगी भव्य कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

रामपुर बाघेलान 28 मार्च, स्थानीय हनुमान गंज के गायत्री मंदिर के पास अजीत सिंह बघेल द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह यज्ञ का आयोजन 7 अप्रैल 2026 से किया जा रहा है.

जिसमें प्रमुख जजमान उनकी माता जी होंगी । श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के कथा व्यास सुप्रसिद्ध कथा वाचक राष्ट्रीय संत गुरु प्रसन्न दास महाराज होंगे जिनके मुखारविंदु से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। श्री सिंह ने क्षेत्र वासियों से अनुरोध किया है कि श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का श्रवण करने के लिए अपने जीवन के अमूल्य समय से कुछ समय निकालकर अवश्य पधारे।

श्री रामचरितमानस पाठ के साथ हुआ कन्या पूजन और भंडारा

कोठी। नवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर रनेही के बरम बाबा आश्रम प्रांगण पर 9 दिनों तक नागा साधु श्री गिरि जी महाराज के संयोजन में मां दुर्गा के पूजन अनुष्ठान के उपरांत आश्रम परिसर पर संगीतमय अखंड श्री रामचरितमानस पाठ संपन्न हुआ। इसके उपरांत कन्या पूजन व भंडारा किया गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बरम बाबा आश्रम की भक्त मंडली व महाराज जी के अनुयायियों के विशेष सहयोग से सफलतापूर्वक यह आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर के के मिश्रा, पप्पू शुक्ला,रज्जन महाराज, सहित कई अन्य लोगों ने अपना तन मन समर्पित कर पुण्य कार्य के सहभागी बने ।

सिंहपुर मंडल में पं . दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सिंहपुर 28 मार्च, भारतीय जनता पार्टी जिला सतना के रैगांव विधानसभा के सिंहपुर मंडल में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की शुरुआत न्यू बजरंग मैरिज हॉल नागौद में उद्घाटन सत्र में मध्य प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश सरकार की उपलब्धियां के बारे में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया.

सत्र की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला ने किया। उद्घाटन सत्र में भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट), जिला मंत्री राजेश शुक्ला तथा मंडल अध्यक्ष विष्णु पांडे उपस्थित रहे । सत्रों का संचालन मंडल उपाध्यक्ष संजय त्रिवेदी ने किया । प्रथम दिवस के सत्र में भारतीय जनता पार्टी के मंडल के पदाधिकारी एवं उनकी कार्यकारिणी मोचन के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा शक्ति केंद्र के संयोजक एवं बूथ के अध्यक्ष एवं बी.एल.ए 2 उपस्थित रहे रात्रि 8:30 बजे प्रथम दिवस का समापन हुआ उसके पश्चात रात्रि 10:15 बजे प्रथम दिवस की सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन वर्ग स्थल पर किया गया।

महेन्द्र सनाढ्य को मिली सचिव

अमरपाटन। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल जी की सहमति से एवं प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर की सहमति से श्री महेन्द्र सनाढ्य को प्रदेश संयुक्त सचिव जैसे अहम एवं जिम्मेदारी वाले पद पर आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश द्वारा नियुक्ति प्रदान कर आम जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहने के लिए नियुक्त किया गया है। विदित है कि श्री महेन्द्र सनाढ्य जी द्वारा आम आदमी पार्टी को अमरपाटन जिला मैहर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की जड़ें जमाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता के रुप में जनसेवक बन कर दिया है।

नागौद में मजिस्ट्रेट चेकिंग

नवभारत न्यूज

नागौद 28 मार्च,नगर के सब्जी मंडी बस स्टैंड रोड पर आज मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान वाहनों के कागजात एवं ड्राइविंग लाइसेंस की सघन जांच की गई।चेकिंग के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट राजीव पटेल, थाना प्रभारी अशोक पांडेय, एसआई मुनेश भारती अहिरवार, रंगदेवजी रावत, अजीत वर्मा, अनिल वर्मा, पवन पाठक सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।अभियान के तहत बिना कागजात, बिना लाइसेंस एवं नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी गई।